हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

04 पंजीयन केंद्र पर पहले ही दिन अव्यवस्थाएं...



07 स्कूल चलें हमः कॉपी, किताबें रखने बच्चों को वितरित...





# इछावर रोड पर फिर होगा भाजपा जिला कार्यालय का भूमिपूजन, सीएम और प्रदेशाध्यक्ष वर्चुअली जुड़ेंगे

### पार्टी के 46वें स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल को होगा आयोजन, पहले भी 2-3 बार हो चुका है भूमिपूजन, 10 हजार वर्गफीट में 2.5 करोड़ की लागत से बनेगा हाईटेक वार रूम

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी अपने 46वें स्थापना दिवस 6 अप्रैल के अवसर पर प्रदेश के 18 जिलों के साथ सीहोर में भी नए जिला कार्यालय का भूमिपूजन करने जा रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने बताया कि मुख्यालय के इछावर रोड स्थित भूमि पर यह भव्य समारोह आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल वर्चुअली शामिल होकर भूमिपूजन करेंगे।

बता दें सीहोर में भाजपा कार्यालय का निर्माण लंबे समय से चर्चा और प्रतीक्षा का विषय रहा है। दिलचस्प बात यह है कि इससे पहले भी 2 से 3 बार भाजपा कार्यालय के लिए भूमिपूजन के कार्यक्रम हो चुके हैं, लेकिन निर्माण कार्य अब तक नहीं हो सका है।

## पहली बार 2016 में हुआ था भूमिपूजन

पार्टी सूत्रों के अनुसार पूर्व जिलाध्यक्ष रघुनाथ सिंह भाटी के कार्यकाल के दौरान इंदौर-भोपाल हाईवे के पास 10 हजार स्क्वायर फीट जमीन 48 लाख रुपये में खरीदी गई थी, जिसका साल 2016 में भूमिपूजन हुआ था। पूर्व में पार्टी के पास 40 लाख रुपये की राशि उपलब्ध होने की बात भी सामने आई थी, लेकिन किन्हीं कारणों से भव्य भवन का सपना अधूरा ही रहा। अब नए सिरे से इछावर रोड पर कार्यालय की नींव रखी जा रही है।

**अगले साल इसी दिन होगा लोकार्पण :** प्रदेश भाजपा की योजना के अनुसार निर्माण कार्य एक साल के भीतर पूरा किया जाएगा। भूमिपूजन के साथ ही लोकार्पण की तारीख भी तय कर दी गई है। 6 अप्रैल 2027 को इन सभी कार्यालयों का एक साथ लोकार्पण किया जाएगा। तैयारियों को लेकर बुधवार को ही प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने वर्चुअल बैठक कर सीहोर जिला प्रभारी और पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। अब देखना यह है कि इछावर रोड पर होने वाला यह भूमिपूजन कार्यकर्ताओं के अपने स्थाई कार्यालय के इंतजार को कितनी जल्दी खत्म करता है।

## कैसा होगा नया हाईटेक कार्यालय

लागतः अनुमानित 1.5 से 2.5 करोड़ रुपये।

सुविधाएंः जिलाध्यक्ष और सभी मोर्चा अध्यक्षों के लिए अलग चेंबर, मीटिंग हॉल, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम और कंप्यूटर रूम।

गेस्टहाउसः पदाधिकारियों के लिए दो कमरों का गेस्टहाउस भी बनाया जाएगा।

इलेक्शन वार रूमः आगामी स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों के प्रबंधन के लिए इसे पूरी तरह हाईटेक बनाया जाएगा।

## फिलहाल किराए के भवन का सहारा

भाजपा के पास निजी भवन नहीं होने की वजह से किराए के भवन में कार्यालय संचालित हो रहा है, हालांकि जिलाध्यक्ष बदलने के साथ ही भाजपा कार्यालय का ठिकाना भी बदल जाता है। पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के कार्यकाल में यह कार्यालय क्रिसेंट चौराहा के पास था, जबकि अब वर्तमान जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के कार्यकाल में यह कार्यालय बस स्टैंड के समीप है। एक और खास बात यह है कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के पास स्वयं का कार्यालय बस स्टैंड पर मौजूद हैं।

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह रोकने हेल्पलाइन नंबर और वन स्टॉप सेंटर सक्रिय

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी 20 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावित घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेशभर में व्यापक अभियान संचालित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस अवसर पर बाल विवाह की आशंका को देखते हुए जिला, विकासखंड और ग्राम स्तर तक सतर्कता बढ़ाई जाए तथा प्रभावी निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के अनुसार सभी जिलों में कंट्रोल रूम स्थापित कर निगरानी रखी जाएगी। ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समितियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय कर संदिग्ध विवाहों की सूचना तत्काल प्रशासन तक पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पुलिस, प्रशासन, शिक्षा और महिला बाल विकास विभाग के बीच समन्वय बनाकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बाल विवाह की रोकथाम के साथ-साथ आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे बाल विवाह जैसी घटनाओं की जानकारी तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर दें। इसके लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 तथा पुलिस आपातकालीन सेवा 112 को सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा, जिले में संचालित वन स्टॉप सेंटर (सखी केंद्र) को भी पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं, जहां महिलाओं और बालिकाओं को आपात स्थिति में सहायता, परामर्श, आश्रय और कानूनी सहयोग उपलब्ध कराया जाता है। इन केंद्रों के माध्यम से पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान कर उन्हें सुरक्षा और न्याय दिलाने की व्यवस्था की गई है।

### बेमौसम बारिश से खेतों में कटी पड़ी व खड़ी फसल को नुकसान, किसानों ने भीगी हुई फसल लेकर किया प्रदर्शन

# ओलावृष्टि और बारिश से उजड़ी फसल, खरीदी नहीं हुई शुरू, उपज भीगने पर किसानों का छलका दर्द

किसानों बोले: गांव में हर घर के बाहर गेहूं के ढेर पड़े हैं, जो अब धीरे-धीरे सड़ने लगे हैं। समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू न होने के कारण किसान उपज बेच नहीं पा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जिले के ग्राम चंदेरी सहित आसपास के कई गांवों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की जिंदगी को गहरे संकट में डाल दिया है। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जहां ओलों की मार से धराशायी हो गई, वहीं कटकर रखी फसल भी बारिश में भीगकर पूरी तरह खराब हो गई। किसान और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में अनेक गांवों के किसानों का गुस्सा फूट गया और उन्होंने जमकर नारेबाजी की।

किसानों का कहना है कि गांव में हर घर के बाहर गेहूं के ढेर पड़े हैं, जो अब धीरे-धीरे सड़ने लगे हैं। समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू न होने के कारण किसान अपनी उपज बेच नहीं पा रहे हैं। घरों में जगह नहीं होने से मजबूरी में खुले आसमान के नीचे रखा अनाज बारिश की हर बूंद के साथ बर्बादी की कहानी लिख रहा है। इसी पीड़ा ने किसानों को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया। चंदेरी में किसानों ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द खरीदी शुरू करने और मुआवजा देने की मांग की। किसान और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने सरकार से अपील करते हुए कहा कि चंदेरी, रामाखेड़ी सहित कई गांवों में भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने मांग की कि आरबीसी 4 के तहत तत्काल सर्वे कराकर किसानों को राहत राशि दी जाए और बीमा क्लेम भी जल्द दिलाया जाए। उनका कहना है कि यदि समय पर मदद नहीं मिली तो किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे।

## कर्ज और बिजली बिल ने बढ़ाई चिंता

किसानों की परेशानी केवल फसल तक सीमित नहीं है। कई किसान बैंक के कर्ज में डूबे हुए हैं। बिजली के बकाया बिलों का दबाव भी लगातार बढ़ता जा रहा है। कुछ किसानों ने आरोप लगाया कि वसूली के नाम पर उनके ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल तक उठाए जा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब फसल ही नहीं बिकी, तो किसान कर्ज और बिल कैसे चुकाएंगे। ग्राम चंदेरी के किसान बाबूलाल मेवाड़ा ने बताया कि उनकी कटी हुई गेहूं की फसल खेतों में ही बर्बाद हो गई। वे बेहद दुखी और परेशान हैं। वहीं किसान मुकेश कुशवाहा, जिनके पास 8 एकड़ जमीन है, ने बताया कि उनका गेहूं घर के बाहर पड़ा-पड़ा बारिश में भीग गया। घर में जगह नहीं थी और खरीदी शुरू नहीं होने से वे कुछ कर भी नहीं सके।

## शादी और कर्ज की चिंता में डूबा किसान

शिवचरण मेवाड़ा ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि उन्होंने बड़ी मेहनत से गेहूं की फसल काटी थी, लेकिन अब वह भी खराब हो गई। उनके ऊपर करीब 4 लाख रुपये का बैंक कर्ज है और परिवार में शादी भी तय है। उन्होंने कहा कि ₹कैसे कर्ज चुकाऊंगा, कैसे शादी करूंगा, समझ नहीं आ रहा, मैं पूरी तरह टूट चुका हूं।

### जिले के 2 आयुष्मान आरोग्य मंदिर एनक्यूएएस प्रमाणित




**सीहोर।** एनएचआरसी दिल्ली द्वारा जिले के बलोंडिया स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर को 88.95 प्रतिशत एवं बागवाड़ा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर को 85.40 प्रतिशत अंकों के साथ एनक्यूएएस प्रमाणित किया गया है। उल्लेखनीय है राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की टीम द्वारा इन स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया था। टीम द्वारा केंद्र में संचालित सेवाओं एवं संपूर्ण केंद्र की मानक जांच की गई। जांच के दौरान केंद्र में सभी स्वास्थ्य सेंवाएं गुणवत्तपूर्ण ढ़गं से संचालित पाई गईं। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाएं शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए कार्य कर रही हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## जिले में जल जीवन मिशन की 332 में से 315 नलजल योजनाएं पूर्ण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग एवं जल निगम की समीक्षा बैठक आयोजित कर जल जीवन मिशन सहित विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति बाधित न हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के दौरान यदि पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त होती हैं तो उन्हें तत्काल दुरुस्त किया जाए तथा जहां पानी की उपलब्धता नहीं है, वहां ट्यूबवेल खनन को नदी-तालाब के आसपास प्राथमिकता दी जाए, ताकि पानी निकलने की संभावना अधिक हो। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत 332 नल जल योजनाओं में से 315 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि शेष 17 योजनाओं को आगामी 15 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी पूर्ण कार्यों को समय पर हैंडओवर किया जाए तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए।



ग्रीष्मकालीन कार्ययोजना की समीक्षा में बताया गया कि पेयजल शिकायतों के निराकरण हेतु खंड एवं उपखंड स्तर पर कंट्रोल का स्थापित किए गए है, जिसमें अब तक प्राप्त 156 शिकायतों में से 124 का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने शेष शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने पेयजल आपूर्ति में आ रहे अनावश्यक व्यवधान और इस संबंध सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण न होने तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी पेयजल आपूर्ति संबंधी निर्देशों का पालन नहीं करने पर भैरूंदा जनपद सीईओ श्री संजय अग्रवाल को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म काल में नागरिकों को पेयजल आपूर्ति करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है और इस स्थिति में यदि अधिकारी कार्यों को गंभीरता से नहीं लेंगे एक दूसरे पर टालेंगे तो नागरिकों को परेशानी होगी।

## जयकारों से गुंजायमान हुए देवालय, आस्था और उल्लास के साथ मनाई गई हनुमान जयंती



**सीहोर।** संकटमोचन भगवान हनुमान की जयंती का पर्व गुरुवारको पूरे जिले में अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में घंटियों की गूंज और जय श्री राम के जयकारों ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। शहर के मण्डी क्षेत्र, गंज और सीवन नदी के तट पर स्थित मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। बता दें हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में शहर के विभिन्न चौराहों और मंदिरों के बाहर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। मण्डी और गंज क्षेत्र में विशेष रूप से भव्य आयोजन हुए, जहां श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। शाम होते-होते पूरा शहर केसरी ध्वजों से पट गया और जगह-जगह सुंदरकांड व हनुमान चालीसा के पाठ गूंजते रहे।

**प्राचीन मंदिरों की महिमा है निराली :** जिले में स्थित कई ऐसे ऐतिहासिक मंदिर हैं, जहां विशेष अभिषेक और चोला अर्पण किया गया। सीवन नदी के तट पर स्थित इस मंदिर का इतिहास मराठा काल से जुड़ा है। यहां हनुमान जी की 9 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा विराजमान है। मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां हनुमान जी की दृष्टि सीधे भगवान राम के चरणों पर पड़ती है। यहां प्रति मंगलवार और शनिवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है, हनुमान जयंती के अवसर पर सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं के आने जाने का सिलसिला बना रहा।

### खड़े हनुमान पर भी उमड़े श्रद्धालु

इसी तरह रेलवे स्टेशन मार्ग पर स्थित खड़े हनुमान मंदिर में भक्तों का विशेष जमावड़ा रहा। 1947 में किसान नन्नूलाल कुशवाह द्वारा कुएं की खुदाई के दौरान प्रकट हुई यह प्रतिमा युद्ध मुद्रा में है। यहां हनुमान जी एक हाथ में गदा और दूसरे में संजीवनी पर्वत लिए हुए हैं।

### मठ मंदिर पर गूंजे जयकारे

इसी तरह सीवन नदी के दूसरे छोर पर स्थित करीब 267 साल पुराने मठ मंदिर में भी जयंती का विशेष आयोजन हुआ। सिद्ध नरहरि दास महाराज की तपोभूमि रहे इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां आज भी सूक्ष्म रूप में भजन-कीर्तन की ध्वनियां सुनाई देती हैं। यहां 5 से 7 मंगलवार दर्शन की विशेष परंपरा है। बता दें हनुमान जयंती के अवसर पर सभी प्रमुख मंदिरों में विशेष श्रृंगार किया गया। महाआरती के बाद प्रसादी वितरण का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

### कलेक्टर ने की शिक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा

# स्कूलों में हो विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत नामांकन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर शिक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कक्षा पहली से कक्षा बारहवी तक के शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन की स्थिति की समीक्षा करते हुए नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक वितरण प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त एचपीवी टीकाकरण की समीक्षा करते हुए जागरूकता कार्यक्रम चलाने और शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।




बैठक में कलेक्टर ने वर्ष 2025-26 के लिए ई-स्कूल ड्रॉपआउट गैप का सत्यापन करने, विद्यार्थियों के आधार अपडेट की स्थिति सुधारने एवं शिक्षकों की उपस्थिति की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने नवीन शौचालय निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया। बैठक में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाई/हायर सेकेंडरी स्कूलों को जारी आकस्मिक निधि के उपयोग की समीक्षा की गई तथा राशि का नियमानुसार उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जानकारी दी गई कि यू-डाइस 2025-26 अंतर्गत कक्षा 01 से 12 तक नामांकन का कार्य लगभग शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अब शेष छूटे हुए विद्यार्थियों को चिन्हित कर शीघ्र नामांकित किया जाए तथा ड्रॉपआउट की स्थिति को पूरी तरह समाप्त करने के प्रयास किए जाएं। बैठक में बताया गया कि शासन द्वारा जिले के सरकारी स्कूलों के 210 प्रतिभावन बच्चों को स्कूटी की राशि दी गई है तथा उनके द्वारा स्कूटी खरीद ली गई है। इसी प्रकार जिले के 2752 बच्चों को लैपटॉप की राशि वितरित की गई है और लगभग 7500 बच्चों को साइकिल का वितरण किया जा चुका है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, डीपीसी रमेशराम उइके सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह रोकने हेल्प लाइन नंबर और वन स्टॉप सेंटर सक्रिय

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी 20 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावित घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेशभर में व्यापक अभियान संचालित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस अवसर पर बाल विवाह की आशंका को देखते हुए जिला, विकासखंड और ग्राम स्तर तक सतर्कता बढ़ाई जाए तथा प्रभावी निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के अनुसार सभी जिलों में कंट्रोल रूम स्थापित कर निगरानी रखी जाएगी। ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समितियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय कर संदिग्ध विवाहों की सूचना तत्काल प्रशासन तक पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पुलिस, प्रशासन, शिक्षा और महिला बाल विकास विभाग के बीच समन्वय बनाकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रतिभावान खिलाड़ी का विधायक ने किया उत्साहवर्धन



**सीहोर।** खेलो इंडिया स्पर्धा की सिल्वर मेडल विजेता खिलाड़ी को गुरुवार सुबह विधायक सुदेश राय ने निज निवास स्थित कार्यालय में आमंत्रित किया। प्रदेश लेबल पर आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर खेल प्रतिभा कौशल दिखाने वाली मेघा शर्मा पुत्री पंकज शर्मा की विधायक सुदेश राय ने प्रशंसक कर उत्साह वर्धन किया। सुभावसर पर विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव खेल युवक कल्याण विभाग मंत्री विश्वास सारंग प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए सुविधाजनक खेल मैदान और कोच के साथ खेल सामग्री भी उपलब्ध करा रहे हैं। बच्चों को अब पढ़ाई लिखाई के साथ खेलने पर भी ध्यान देना चाहिए।

### नंदराम मालवीय प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनित

**सीहोर।** विकसित भारत परिषद नई दिल्ली द्वारा किए सामाजिक कार्यों में नंदराम मालवीय द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों एंव सराहनीय योगदान को दृष्टिगत रखते हुए विकसित भारत परिषद नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष सोनकांबले एंव राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर कछवाय की अनुशंसा से ग्राम चीतोडिया हेमा के नंदराम मालवीय को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नंदराम मालवीय ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है, उसका मैं पुरी मेहनत व सक्रीयता के साथ निर्वहन करूंगा। शीघ्र ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जावेगा।

19 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन, 200 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में, कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों जोरों पर

# पंजीयन केंद्र पर पहले ही दिन अव्यवस्थाएं उजागर, आवेदकों को झेलनी पड़ी परेशानी

योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया 2 अप्रैल से शुरू हो चुकी है, जो 6 अप्रैल तक चलेगी। बीच में 5 अप्रैल को अवकाश रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 200 आवेदन पूर्ण होते ही पंजीयन बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में पात्र हितग्राहियों से समय रहते आवेदन करने की अपील की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत नगर में 19 अप्रैल को भव्य सामूहिक विवाह एवं निकाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। दशहरा मैदान स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में होने वाले इस आयोजन में अधिकतम 200 जोड़े एक साथ परिणय सूत्र में बंधेंगे। जनपद पंचायत भैरूंदा द्वारा आयोजित इस सम्मेलन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई हैं, वहीं जरूरतमंद परिवारों में इसे लेकर उत्साह भी नजर आ रहा है।

योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया 2 अप्रैल से शुरू हो चुकी है, जो 6 अप्रैल तक चलेगी। बीच में 5 अप्रैल को अवकाश रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 200 आवेदन पूर्ण होते ही पंजीयन बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में पात्र हितग्राहियों से समय रहते आवेदन करने की अपील की गई है। योजना में वधू की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और वर की 21 वर्ष होना अनिवार्य है, साथ ही परिवार का गरीबी रेखा के नीचे होना भी जरूरी है।

हालांकि, आवेदन प्रक्रिया के पहले ही दिन व्यवस्थाओं की पोल खुलती नजर आई। सीहोर जिले के आष्टा, इछावर, सीहोर और भैरूंदा क्षेत्र से बड़ी संख्या में पहुंचे आवेदकों को अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा। जनपद पंचायत परिसर में सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, लेकिन बैठने के लिए पर्याप्त



इंतजाम नहीं थे। केवल एक टेंट लगाकर औपचारिकता निभाई गई, जबकि दरी या कुर्सियों की व्यवस्था नहीं होने से लोग खुले में जमीन पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। तेज गर्मी के बीच पेयजल व्यवस्था भी नाकाफी साबित हुई। परिसर में सीमित पानी के केन रखे गए थे, जिन्हें नलकूप के पानी से भरा गया था। ठंडे पानी की व्यवस्था नहीं होने से आवेदक परेशान होते दिखे। हालात ऐसे बने कि कई लोग मोटर की पाइप से ही पानी पीकर प्यास बुझाते नजर आए। आवेदकों का कहना था कि यदि मटके या प्याऊ की समुचित व्यवस्था होती तो काफी राहत मिल सकती थी।

इधर, आवेदन की संख्या 200 तय होने के बावजूद पहले ही दिन बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने से लंबी कतारें लग गईं। सुबह से ही कार्यालय के बाहर भीड़ उमड़ी रही। बुजुर्ग और महिलाएं घंटों इंतजार के बाद थककर जमीन पर बैठ गईं, जबकि कई लोग तेज धूप में खड़े रहे। इस अव्यवस्था ने प्रशासनिक तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आवेदकों ने प्रशासन से मांग की है कि आगामी दिनों में आवेदन प्रक्रिया के दौरान बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। विशेष रूप से छाया, बैठने और ठंडे पेयजल की व्यवस्था की आवश्यकता जताई गई है।वहीं, जनपद पंचायत भैरूंदा के सीईओ संजय अग्रवाल ने दावा किया कि पहले ही दिन 200 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें 21 आवेदन निकाह योजना के अंतर्गत शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आवेदकों के लिए पानी और बैठने की व्यवस्था सुचारू रूप से की गई थी।

### जरूरी दस्तावेजों की लंबी सूची, आवेदकों को जुटाना पड़ा इंतजाम

योजना में आवेदन के लिए परिवार समग्र आईडी, वर-वधू की समग्र आईडी, कन्या का बैंक खाता, आयु प्रमाण-पत्र, निवास एवं जाति प्रमाण-पत्र, आधार नंबर, अविवाहित होने का शपथ-पत्र, राशन कार्ड की प्रति, पासपोर्ट साइज फोटो सहित अन्य दस्तावेज अनिवार्य किए गए हैं। इसके अलावा ई-केवाईसी कराना भी जरूरी है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से एक साथ सैकड़ों परिवारों में खुशियां आएंगी और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, पहले ही दिन सामने आई अव्यवस्थाओं ने प्रशासन की तैयारियों पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं।

# सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ, महाआरती व भंडारों का आयोजन, छप्पन भोग से हुआ विशेष श्रृंगार

**हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब, जयकारों से गूंजे मंदिर परिसर**





**भैरुंदा।** नगर के बजरंग कुटी स्थित खेड़ापति सरकार को सवा क्विंटल अंगूरों के गुच्छे से सजाया गया। सुबह से ही यहां भक्तों का जमावड़ा लगा था।

**भैरूंदा।** गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव पूरे नगर सहित तहसील क्षेत्र में श्रद्धा, उल्लास और भक्ति के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर सुबह से ही हनुमान मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर "जय श्रीराम" और "जय हनुमान" के जयघोष से गूंज उठे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

भोर होते ही श्रद्धालु भगवान हनुमान के दर्शन के लिए मंदिरों की ओर उमड़ने लगे। प्रमुख मंदिरों में लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां भक्तों ने घंटों प्रतीक्षा कर दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में विशेष साज-सज्जा के साथ पूजन-अर्चन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। आकर्षक श्रृंगार और फूलों की सजावट ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में दिनभर हवन-पूजन, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और सेवा कार्यों में भी भागीदारी निभाई। नगर की बजरंग कुटी स्थित खेड़ापति सरकार मंदिर में विशेष आकर्षण देखने को मिला, जहां भगवान हनुमान का सवा क्विंटल अंगूरों के गुच्छों से भव्य श्रृंगार किया गया। शाम के समय यहां सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ और महाआरती का आयोजन हुआ। आरती के दौरान पूरा परिसर दीपों की रोशनी और भक्ति के उत्साह से जगमगा उठा। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इसी प्रकार दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, गोपालपुर बालाजी बंजारी मंदिर, बासुदेव रामानंद आश्रम, गोलरपुरा तथा बालाजी धाम आश्रम सहित अन्य मंदिरों में भी दिनभर धार्मिक आयोजन हुए। सुबह से शुरू हुई भक्तों की आवाजाही शाम तक लगातार जारी रही और जैसे-जैसे दिन ढलता गया, मंदिरों में भीड़ और बढ़ती गई।

### हनुमान जयंती पर विधायक राय ने की पूजा अर्चना



**सीहोर।** शहर में पारंपरिक रूप से गुरुवार को हनुमान जयंती मनाई गई। विभिन्न हनुमान मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। हनुमान जी महाराज की प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया। कार्यकर्ताओं के साथ विधायक सुदेश राय ने सुबह बढ़िया खेड़ी स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर पंचमुखी हनुमान मंदिर हनुमान फाटक कस्बा और क्रिसेंट कॉलोनी हनुमान मंदिर पहुंचकर अंजलि के लाल की विधिवत पूजा अर्चना की। हनुमान जयंती के उपलक्ष में शहर के विभिन्न हनुमान मंदिर समितियां के द्वारा महाप्रसाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। हनुमान मंदिर परिसरों में भजन कीर्तन सुंदरकांड पाठ हनुमान चालीसा किया गया। विधायक सुदेश राय विभिन्न भंडारों में सम्मिलित हुए और श्रद्धालुओं को हनुमान जयंती की बधाई शुभकामनाएं दी।

# हनुमान जन्मोत्सव पर खेड़ापति हनुमान मंदिर में कलश स्थापना, श्रद्धालुओं ने किया पूजन-अभिषेक

**बुधनी।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में धार्मिक आस्था का विशेष वातावरण देखने को मिला। दोपहर करीब 12 बजे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंदिर में कलश स्थापना की गई।

इस दौरान भगवान हनुमान का अभिषेक कर श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा पूजा-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई वहीं शाम 5 बजे से विशाल कन्या भोजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया कार्यक्रम में मौनी बाबा ट्रस्ट समिति के



संरक्षक मंजीत सिंह राजपूत, अध्यक्ष रामेश्वर यादव,ब्राह्मण समाज अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा सहित अजय यादव, सोनू राजपूत,प्रमोद चौहान,सतेंद्र शर्मा, पंडित रामजी तिवारी, विनय यादव,अशोक विश्वास,विनोद शिवहरे,नीरज पंडित, मनीष राजपूत,रामू राजपूत,अमन यादव, नमन यादव,कृष्णा तिवारी,अशोक राजपूत सहित समिति के सदस्य एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नपा अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन, 22.40 लाख की लागत से होगा सड़क निर्माण

**भैरूंदा।** नगर परिषद भैरूंदा के वार्ड क्रमांक 10 में विकास कार्यों को गति देते हुए नई सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया गया। नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया।यह सड़क अमर सिंह पवार के घर के पास से टावर तक बनाई जाएगी, जिसकी लंबाई 200 मीटर एवं चौड़ाई 6 मीटर रहेगी। करीब 22 लाख 40 हजार रुपए की लागत से बनने वाले इस मार्ग से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।कार्यक्रम में किसान मोर्चा



प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पवार, वार्ड पार्षद मेहरबान, नितेश पेठारी सहित नगर परिषद के कर्मचारी एवं वार्ड के वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर में मूलभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है और ऐसे कार्यों से क्षेत्र का स्वरूप बदल रहा है।

**हनुमान प्रकटोत्सव पर स्वर्ण मिश्रित सिंदूरी चोले से कंचन वरण श्रृंगार**

# 501 भक्तों ने किया सामूहिक रूप से चालीसा पाठ, पांच क्विंटल खीर का लगाया भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर आस्था और उत्साह के साथ गुरुवार को चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के अवसर पर संकटमोचन हनुमान का प्रकटोत्सव पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देश पर यहां पर मौजूद विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य ने भगवान का अभिषेक किया, साथ ही स्वर्ण मिश्रित सिंदूरी चोले से कंचन वरण श्रृंगार किया गया। यहां पर जारी विशाल भंडारे में पांच क्विंटल खीर का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को भोजन के साथ प्रसादी का वितरण किया। इस संबंध में



जानकारी देते हुए समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि हनुमान की पूजा से आत्मबल, साहस और संकट से उबरने की शक्ति मिलती है। इनकी आराधना से व्यक्ति को आत्मविश्वास, निर्भीकता और मानसिक शक्ति की प्राप्ति होती है। हनुमान प्रकटोत्सव पर हनुमान की पूजा करने से नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है। उन्होंने बताया कि बजरंगबली की साधना करने से जीवन में आ रहे दुख-दर्द दूर होते हैं और प्रभु की कृपा प्राप्त होती है। चालीसा का पाठ करने से भय और नकारात्मक शक्तियों से छुटकारा मिलता है। साथ ही जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं।

### कलियुग में रामदूत हनुमान की भक्ति का प्रताप

उन्होंने कहाकि हनुमान रुद्रावतार शिव के अवतार हैं। उनकी पूजा से भूत-प्रेत, भय, नकारात्मक ऊर्जा, मृत्यु का भय और शत्रुओं का नाश होता है। हनुमान जी निरंतर राम नाम का जाप करते हैं। जो भक्त हनुमान की शरण में जाता है, उस पर प्रभु राम की कृपा स्वतः ही हो जाती है। कलियुग के निराशावादी जीवन में, हनुमान भक्तों में उत्साह, बल, बुद्धि और साहस का संचार करते हैं। वे व्यक्ति को नैतिक रूप से मजबूत बनाते हैं। बल, बुद्धि, विद्या और साहस के धनी श्री हनुमान के जीवन से मिलने वाली प्रेरणा से हमारी संतानों को आज्ञाकारी व संस्कारों से परिपूर्ण बना सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में गुरुवार को धाम पर भंडारे का आयोजन किया गया था, जिसमें 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

# श्रद्धा और उत्साह से मनाई हनुमान जयंती, निकाला भव्य चल समारोह

**इछावर।** गुरुवार को हनुमान जयंती नगर सहित संपूर्ण अंचल में पूरी श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। इस दौरान देवालयों में विशेष पूजा अर्चना की गई साथ ही विभिन्न धार्मिक आयोजन आयोजित किए गये। जन्मोत्सव के पावन पर्व पर नगर में एक भव्य वाहन चल समारोह निकाला गया। यह चल समारोह ग्राम देवी दशहरा मैदान से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांव तालाब स्थित बालाजी धाम मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान नगर में जगह जगह चल समारोह पर नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिससे नगर सहित आसपास गांवों से श्रद्धालु शामिल हुए। इसी प्रकार गांव नादान के हनुमान मंदिर में भी प्रसादी वितरण व भंडारे का



आयोजन हुआ , जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण की ।

## स्कूलों का आरंभ: नव-प्रवेशित बच्चों का प्रशासन, जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मान

# स्कूल चलें हमः कॉपी, किताबें रखने बच्चों को वितरित किए गए बैग






**पूरे जिले में करीब 12 हजार से अधिक बैग किए गए वितरित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लोक शिक्षण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 01 अप्रेल से संपूर्ण राजगढ़ जिले में स्कूलों में प्रवेश आरंभ हुआ। नव-प्रवेशित बच्चे डरें नहीं और उनके मन में स्कूल को लेकर किसी तरह का भय न रहे इसके लिए खेल भावना के अनुरूप उन्हें प्रशासन द्वारा कॉपी, किताबें रखने स्कूल बैग, चॉकलेट इत्यादि का वितरण करवाया गया। जिलाधीश डॉ. गिरीश मिश्रा ने स्कूल चलो अभियान के तहत आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों का माला पहनाकर स्वागत, अभिनंदन किया। जिलाधीश ने कहा कि स्कूल में प्रवेश का पहला दिन किसी भी बच्चे के जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह वही दिन होता है जिस दिन से एक तरह से गुरुकुल में प्रवेश लिया जाता है।

प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने नवाचार के तहत नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क वितरित किए। आपको बतादें कि पूरे राजगढ़ जिले में करीब 12 हजार नव-प्रवेषित बच्चों को स्कूल बैग वितरित करवाए गए हैं। इन्हीं सकारात्मक प्रयासों का परिणाम है सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या में ईजाफा हुआ है।

### विकासखंड स्तर पर पुस्तकालय बनाने के निर्देश

आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधीश डॉ. मिश्रा ने विकासखंड स्तर पर पुस्तकालय बनाने के निर्देश प्रदान किए। आगे उन्होंने कहा कि विद्यालय योग्य शि{ाकों के सशक्त हाथों में है। उन्होंने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही कहा कि हमारा विद्यालय भवनों से नहीं, बल्कि शि{ाकों और विद्यार्थियों से बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनके जैसे बच्चे भी शासकीय विद्यालय में पढ़कर आईएएस बन सकते हैं।

### कन्याशाला में आयोजित हुआ कार्यक्रम

उक्त कार्यक्रम मुख्यालय स्थित कन्याशाला में आयोजित करवाया गया। यहां ईशिका जाटव, सुहाना, कैनात, खुशबू, मोनिका को विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शील्ड व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं कन्याशाला की ही पिंकी मेवाड़े व कनक को शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा ने कहा कि यह विद्यालय अत्यंत पुराना एवं प्रतिष्ठित है। इसके गौरवशाली नाम को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारी पहुंचे कलेक्ट्रेट

# सिंदूरिया को खरीदी केंद्र बनाने की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गेहूं की खरीदी के लिए जिले में बनाए गए उपार्जन केंद्रों में सिंदूरिया खरीदी केंद्र का नाम ही सम्मिलित नहीं है जबकि इस गांव व आसपास करीब 50 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं पैदा हुए हैं। ऐसे में खरीदी केंद्र न बनाए जाने से आसपास के सैकड़ों किसानों का खासा सफर तय कर एवं पैसा खर्च करते हुए अन्य खरीदी केंद्रों पर पहुंचना पड़ेगा। इस कारण से कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह के नेतृत्व में राजेंद्र सिंह कीलखेड़ा, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, हेमराज कल्पोनी सहित अन्य कांग्रेसजनों ने बुधवार दोपहर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रमुखता से मांग रखी गई है कि सिंदूरिया खरीदी केंद्र का नाम उपार्जन केंद्रों में शामिल किया जाए। इसके साथ ही सिंदूरिया सोसायटी मेनेजर के कार्यकाल की जांच कराने की मांग भी कांग्रेसियों ने रखी है।

### प्रभावित फसलों का करवाए जाए सर्वे

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के उपरान्त इंकाजनों ने मीडियाकर्मियों से कहा कि विगत दिवस आए तूफान, बारिश से अनेकों किसानों की खेतों में खड़ी फसलें चौपट हो चुकी हैं। जिन किसानों ने अभी तक फसलें बेची नहीं हैं उनकी फसलें खलीहान में रखी होने से पूरी तरह गल चुकी हैं साथ ही सूकला/चारा भी पूरी तरह नष्ट हो चुका है। इस बारे में सर्वे करवाए जाने की मांग इंकाजनों ने रखी।

## शासकीय एकीकृत विद्यालय बंदा जागीर में प्रवेशोत्सव मनाया

**माचलपुर।** समीपवर्ती ग्राम बंदा जागीर के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं का तिलक व माला पहनाकर स्वागत कर प्रवेश उत्सव मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआरसी जीरापुर और विशेष अतिथि ब्लाक एमडीएम प्रभारी रामप्रसाद वर्मा रहे। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष हरिसिंह गुर्जर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण कर सभी बच्चों के साथ विशेष भोजन ग्रहण किया।



## 2.63 किलोग्राम गांजा सहित तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी एवं इन गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं पर सतत निगरानी रखते हुए कठोर कार्यवाही की जा रही है । इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना श्रीमती प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी की सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए 03 आरोपियों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई है ।

गत दिनांक 31 मार्च 2026 को कैंट थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना हुई कि ग्राम इमझरा के कच्चे रास्ते पर झाडियों के पास एक व्यक्ति अपने अन्य दो साथियों के साथ हीरो एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल क्रमांक MP67 MK 4019 पर अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर उसे बेचने के लिए खडे हुए हैं । थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी की उक्त सूचना के मिलते ही सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु तत्काल कैंट थाने से पुलिस की एक टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा तो वहां पर मुखबिर के बताए हुलिए का एक व्यक्ति अपने अन्य दो साथियों के साथ मोटर साइकिल लेकर साथ खडा दिखा, जिनकी मोटर साइकिर एक बैग टंगा हुआ था, जिन्हें पुलिस फोर्स ने भागने का अवसर न देते हुए तीनों को वमुश्किल घेराबंदी कर धर दबोच लिया गया । पूछताछ पर जिन्होंने अपने नाम सूर्या उर्फ संदेश पुत्र बलवीर सिंह रघुवंशी उम्र 28 साल निवासी ग्राम गजनाई थाना म्याना जिला गुना, रामबाबू पुत्र हल्कूराम पाल उम्र 22 साल निवासी ग्राम करोद थाना कैंट गुना एवं कैलाश पुत्र रामचरण रघुवंशी उम्र 56 साल निवासी ग्राम पचलावना थाना ईसागढ जिला अशोकनगर के होना बताए एवं मुखबिर सूचना के आधार पर जिसकी विधिवत तलाशी लेने पर उनके पास रहे बैग से 2.63 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये का बरामद हुआ, आरोपियों से बरामद गांजे के संबंध में पूछताछ करने पर, उक्त गांजा बडागांव, अशोकनगर निवासी शिशुपाल रघुवंशी से खरीद कर लाना बताया । पुलिस द्वारा आरोपियों से बरामद गांजा एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को विधिवत जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया और अवैध मादक पदार्थ गांजे के क्रय विक्रय में संलिप्त चारों आरोपियों के विरुद्ध कैंट थाने में अपराध क्रमांक 206/26 धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है । पुलिस द्वारा आरोपी के गांजा तस्करी के अन्य स्त्रोतों एवं संभावित नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। नशे के विरूद्ध कैंट थाना पुलिस की इस उल्लेखनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक कुशल पाल, सउनि बालकृष्ण जाटव, आरक्षक सूर्यभान जाट, आरक्षक धर्मेन्द्र रघुवंशी, आरक्षक देवेन्द्र रघुवंशी, आरक्षक शुभम रघुवंशी एवं आरक्षक महेन्द्र वर्मा का विशेष योगदान रहा है ।

### घर से गायब हुई नाबालिग को पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी के साथ पकड़ा

**जीरापुर।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक गुमशुदा नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया गया। थाना प्रभारी आदित्य सोनी ने बताया कि 29 मार्च को नाबालिग के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कर बताया था कि उनकी नाबालिग बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। जिसमें पुलिस टीम ने लगातार तलाश करते हुए संभावित स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान नाबालिग बालिका को राजस्थान से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कालियाखेड़ी निवासी ईश्वर गुर्जर 23 वर्ष को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले में पॉस्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

## शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेशोत्सव पर विद्यार्थियों को पुस्तकें की गईं वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



नवीन शिक्षा सत्र 01 अप्रैल से मध्य प्रदेश शासन स्कूल विभाग के दिशा निर्देशानुसार शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्रों का प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरण कर समारोह आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्कृष्ट विद्यालय योग समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार जमींदार एवं मुख्य अतिथि नगर परिषद पार्षद प्रतिनिधि सुनील हिंडोनिया विशेष अतिथि प्रभारी प्राचार्य हरीश कुमार गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित हुआ।अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना दीप प्रज्जवलित कर प्रारम्भ किया। संस्था स्टॉफ द्वारा अतिथियों का मंगल तिलक एवं पुष्पहार से भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात विधालय शिक्षिका श्रीमति सीमा गुप्ता एवं मुकेश कुमार सेन ने छात्रों को जीवन में सफलता प्राप्त करने में हमे क्या करना है तथा शासन द्वारा छात्रों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

इस दौरान समिति अध्यक्ष जमीदार ने कहा कि शासन छात्रों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं दे रही हैं ,हर विधार्थी अध्ययन पर ध्यान दें,छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए एक कहानी के माध्यम से अपने जीवन में सफलता हासिल करने के रहस्य बताए। यदि विद्यार्थी तय कर लें कि हमें इस क्षेत्र में सफलता हासिल करना है तो लक्ष्य प्राप्त करना आसान है लेकिन आत्मविश्वास तथा लगन से काम को करें। ऐसा नहीं इसी शासकीय स्कूल में हम भी पढ़ें और यही से पढ़कर कई छात्र उच्च पदों पर पदस्थ हुए। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्रों को मंगल तिलक लगाकर पुस्तक वितरण की।

## मिडवे के सामने कार, पिकअप व बाइक की भिड़ंत, एक रेफर



**राजगढ़।** मुख्यालय पर कलेक्टोरेट के कुछ आगे मिडवे ट्रीट रेस्टोरेंट के सामने मंगलवार रात्रि कार, पिकअप और बाइक आपस में जा टकराए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस सहित नगर के स्थानीय युवाओं की टीम मौके पर पहुंची घायलों को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था करवाई। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि एक कार और पिकअप के बीच बाइक आ गई। इस बाइक सवार को बचाने के फेर में दोनों बड़े वाहन आपस में जा भिड़े। रात्रि में बारिश और तूफान के बीच नगर के सेवाभावी युवा मौके पर पहुंचे और कार चालक को जिला अस्पताल भिजवाया गया। गंभीर रूप से घायल हुए चालक का नाम आनंद पिता रुस्तक इंदौरिया(36) निवासी खिलचीपुर है। घायल को प्राथमिक उपचार उपरान्त भोपाल रेफर कर दिया गया। घटना के तुरंत बाद कोतवाली टीआई मंजू मखेनिया भी तुरंत मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया।

## मेड़तवाल वैश्य समाज ने उल्लास उत्सव पर्व में एकता संस्कृति और परंपराओं का सुंदर संगम की मिली झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



मेडतवाल वैश्य समाज द्वारा उल्लास उत्सव पर्व बड़ी ही धूमधाम से होटल भण्डारी पैलेस में मनाया गया। जिसमें समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं का सुंदर संगम की झलक देखने को मिली है। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य भारत प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया, अखिल भारतीय मेडतवाल वेश्य समाज कार्यकारिणी सदस्य केदार काका, पूर्व विधायक गिरीश भंडारी,की उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रातः 11.30 बजे श्री फलौदी माता की पूजन, आरती एवं प्रसाद वितरण से प्रारंभ किया गया। सभी समाज बंधुओं महिलाओं, पुरुषों, बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, मांडना, रंगोली, कलश सज्जा, चित्रकला, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, कपल फैंसी ड्रेस, डांस प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर महेंद्र गुप्ता उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अन्य प्रतिभाओं का भी स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र आदि से सम्मानित किया गया। संस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले एवं शेष अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरुस्कार से सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## सारंगपुर लायंस क्लब ने बांटे कपड़े के थैले और जलपात्र



**सारंगपुर।** बढ़ते प्रदूषण और भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए लायंस क्लब सारंगपुर द्वारा मंगलवार को नगर में एक सराहनीय पहल की गई। क्लब के सदस्यों ने पॉलिथीन के उपयोग को कम करने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आमजन को कपड़े के थैले वितरित किए। इसके साथ ही बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए जलपात्र भी बांटे गए। पॉलिथीन मुक्त अभियान पर शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर लोगों को पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। लायंस क्लब के सदस्यों ने नागरिकों से अपील की कि वे बाजार जाते समय कपड़े के थैलों का उपयोग करें, जिससे शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने में सहयोग मिल सके। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष ला. रूपेश जोशी, सचिव ला. प्रदीप चैहान सहित सदस्य ला. मनोज दंडवानी, ला. महेश शर्मा, ला. प्रदीप जोशी, ला. राजेंद्र पालीवाल और ला. मोहम्मद मंसूरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को शहर के गणमान्य नागरिकों ने सराहते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया और लायंस क्लब की इस दोहरी पहल की प्रशंसा की।

### 41 वर्ष की सेवा के बाद शिक्षक विष्णु चरण विश्वकर्मा सेवानिवृत्त

**चांचौड़ा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय सागोड़िया में पदस्थ शिक्षक विष्णु चरण विश्वकर्मा 41 वर्षों की उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय एवं ग्रामवासियों द्वारा एक गरिमामय और भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक फूसा लाल अहिरवार, संकुल प्राचार्य चाचौड़ा डॉ. विनायक शोपरा, जन शिक्षक बलवीर सिंह भील, मुकेश कुमार मेहरा एवं हुकुम चंद सैनी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं ग्रामवासियों ने सेवानिवृत्त शिक्षक का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।ग्राम सागोड़िया के नागरिकों ने अपने-अपने घरों पर विष्णु चरण विश्वकर्मा का स्वागत कर उनके प्रति सम्मान और स्नेह प्रकट किया। कार्यक्रम में सरपंच धनराज सिंह गुर्जर ने अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर राममोहन त्यागी महाराज सहित संत समाज एवं पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षक लक्ष्मीनारायण सैनी भी मंचासीन रहे। साथ ही संकुल अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मांगीलाल भील भी उपस्थित रहे, जिन्हें स्वयं विष्णु चरण विश्वकर्मा ने शिक्षा दी थी।वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक का पद अत्यंत गरिमामय होता है और इसे निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाना ही सच्चा कर्तव्य है।

### राज्यमंत्री टेटवाल ने विद्यार्थियों को पुस्तक की वितरण

# पीएमश्री में पुस्तक वितरण के साथ मनाया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



प्रदेश सरकार के प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के मुख्य अतिथि में पीएम श्री ग्रुप शाला स्कूल में प्रवेश उत्सव एवं पुस्तक वितरण आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सरस्वतीजी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वल किया गया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का विद्यालय परिवार के द्वारा फूल माला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर बच्चों को शिक्षा की मुख्य अवधारणा से जोड़ने के लिए सभी अतिथियों ने ज्ञानवर्धक बातें कहीं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, अनुभाग अधिकारी रोहित बम्हौरे, अनुभाग पुलिस अधिकारी अरविंद सिंह, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश विरमाल, ब्लॉक स्त्रोत समन्वयक डीएल वर्मा आदि ने अपने विचारों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करने की बात कही। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि मैं स्वयं इस विद्यालय में अध्ययन किया करता था। हर एक गुरु अपने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए भरपूर मेहनत करता है। मंत्री ने बच्चों से पहाड़े पूछे किताब पड़वा कर देखा गया। विद्यालय के 70 फीसदी बच्चे जवाब देने में कामयाब हुए। कुछ बच्चे कमजोर भी मिले जिनको अच्छा स्टार देने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया गया। प्रवेश उत्सव में बच्चों को पुस्तक वितरित करते हुए मिठाई बांटी गई। बच्चों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य मीना विजयवर्गीय ने माना। इस अवसर पर शाहीन कुरैशी, शाहीन काजी, नासिर भाई, नसीमुल्लाह आदि उपस्थित रहे।

### विद्यालयों में प्रवेशोत्सव की धूम, नए सत्र का उत्साहपूर्ण आगाज

**खुजनेर।** नगर के पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय मॉडल उमावि खुजनेर में प्रवेशोत्सव के साथ शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। दोनों विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही।कार्यक्रमों की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया, जिससे उनमें उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ।पीएम श्री कन्या विद्यालय में प्राचार्य ने छात्राओं को अनुशासन, नियमित अध्ययन और लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया, वहीं शिक्षकों ने अभिभावकों से बालिकाओं की शिक्षा में सहयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर छात्राओं को विशेष भोजन भी कराया गया। शासकीय मॉडल उमावि में आयोजित कार्यक्रम में एडीपीसी प्रमोद कुशवाह सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया तथा उन्होंने छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में दोनों विद्यालयों के प्राचार्यों ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। प्रवेशोत्सव के माध्यम से नए सत्र की शुरुआत उत्साह, उमंग और सकारात्मक ऊर्जा के साथ हुई।



## नगर में बड़े हर्ष-उल्लास के साथ मनाई गई मां कर्मा देवी जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी साहू समाज ने अपनी आराध्य मां कर्मा देवी जयंती महोत्सव नगर में बड़े हर्ष-उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के लोगों ने मां कर्मा देवी के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना कर किया, साथ ही उनके आदर्शों को याद किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि मां कर्मा त्याग, सेवा और भक्ति की प्रतीक थीं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी अटूट भक्ति से समाज को प्रेरणा दी।जयंती के अवसर पर श्री राम मैरिज गार्डन से एक विशाल चल समारोह निकाला गया, जो पुराना बस स्टैंड चौराहा, गुलाबगंज चौराहा, दास हनुमान मंदिर चौराहा, अशोकनगर रोड, घोसी मोहल्ला और सदर बाजार सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल श्री राम मैरिज गार्डन पहुंचा। इस दौरान चल समारोह का स्वागत रामरतन साहू के प्रतिष्ठान पर पार्षद अजय दुबे, मुकेश पटेल, शक्ति शर्मा, रघुवंशी समाज और नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों ने समाज की एकता और संस्कारों को बनाए रखने का आह्वान किया। इस मौके पर सभी उपस्थित लोगों ने मां कर्मा देवी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गुना, अशोकनगर, राजगढ़ और विदिशा जिलों से लगभग 5,000 स्वजातीय लोग शामिल हुए। जयंती महोत्सव के दौरान घोड़ा-बग्गी, कलश और मुख्य बेदी की बोलियां लगाई गईं। इसमें प्रथम बोली के तहत मुकेश साहू (राजगढ़ बालों) को घोड़े पर सवार होकर कार्यक्रम का नेतृत्व करने का अवसर मिला। दूसरी बग्गी बोली में रामरतन साहू को मां कर्मा देवी की शोभायात्रा में सेवा करने का अवसर और सुरेन्द्र साहू को कलश लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुख्य बेदी की बोली रविंद्र साहू ने संभाली।समारोह का समापन भोजन और प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थितजनोंने उत्सव का आनंद लिया और जयंती को सफलतापूर्वक मनाया।

**खबर संक्षेप**

### स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित



**जावर**। स्थानीय सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जावर मे स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रथम दिवस प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया।आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सर्व बाबूलाल पटेल वरिष्ठ भाजपा नेता, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य, नगर परिषद उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केशव, जिला मंत्री जयसिंह ठाकुर, वरिष्ठ नेता दयाराम परिहार, योगेश भावसार तथा जावर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा, संस्था प्राचार्य नितिन कुमार कौशल, उप प्राचार्य अजय मिश्रा, प्रधानाध्यापक द्वय गजेंद्र विश्वकर्मा, अनिल शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था में उपस्थित विद्यार्थियों का अतिथियों द्वारा पुष्पमाला तथा ललाट पर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तथा निःशुल्क पाठयपुस्तक का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के समस्त शिक्षक साथी एवं पालकगण उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन अकबर सिद्दीकी ने तथा आभार प्राचार्य श्री कौशल ने व्यक्त किया।

### नरवाई जलाने वाले किसानों पर प्रशासन सख्त, एफआईआर दर्ज

**देवास**। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों तथा मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी निषेधात्मक निर्देशों का उल्लंघन करते हुए खेतों में गेहूँ की नरवाई (पराली) जलाने वालों पर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सख्त निर्देश दिए कि जिले में नरवाई जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है, यदि कोई किसान (नरवाई) पराली जलाते पाया गया तो उसे पर 2500 से 15000 रुपए तक का अर्थ दंड एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी।जिले में नरवाई (गेहूँ के अवशेष) जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा बरती जा रही सख्ती के तहत मंगलवार को कार्यवाही की गई है।

### सन्नौड़ में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**देवास**। नवीन सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार द्वारा तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। बच्चों के चेहरे पर उत्साह और खुशी साफ झलक रही थी। वर्तमान में सांदीपनि विद्यालय के आसपास के 6 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों का सांदीपनि विद्यालय में विलय किया गया है, जिनके शिक्षक अब विद्यालय परिवार का एक अहम हिस्सा बन गए हैं। इसी क्रम में नवीन सत्र के अवसर पर इन शिक्षकों का भी पुष्पहार द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया।

## महावीर हनुमान जी के जन्मोत्सव पर भक्तों ने किए दर्शन, जगह-जगह निकाली गई शोभायात्रा

# अखंड रामायण के साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर वीर बजरंग बली के मंदिरों में किए हवन-पूजन और भंडारा





जगह-जगह हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और उत्साह से मनाया गया। दिनभर भक्तों की भीड़ मंदिरों में लगी रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर/खाचरोद

बुधवार को संपूर्ण नगर में अंजनी के लाल वीर हनुमान जी की जयघोष से गुंजायमान रहा। प्रातः से ही श्री राम दरबार एवं खेड़ापति हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आई। नगर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में प्रातःकालीन से ही धार्मिक अनुष्ठान हुए, वहीं सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रभु की आरती कर प्रसादी ग्रहण की। हनुमान जयंती के अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा अपने साथियों के साथ खेड़ापति दरबार पहुंचे और वीर हनुमानजी की पूजा-अर्चना की साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं को हनुमान जयंती की बधाई शुभकामनाएं भी दी। हनुमान जयंती के अवसर पर कृषि उपज मंडी परिसर में स्थित ग्यारहमुखी हनुमान जी मंदिर से भव्य चल समारोह प्रारंभ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ कॉलोनी चौराहा पहुंचा जहां नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल द्वारा भगवान हनुमान जी की पूजा-अर्चना की, वहीं चल समारोह में शामिल सभी भक्तों का भगवा दुपट्टा डालकर व पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि आज हम उस महाशक्ति का जन्मोत्सव मना रहे हैं, जिन्हें हम संकटमोचन, पवनपुत्र और बजरंगबली के नाम से जानते हैं। हनुमान जी केवल एक देवता नहीं, बल्कि अतुलनीय भक्ति और अटूट शक्ति के प्रतीक हैं। उन्होंने बिना किसी फल की इच्छा के प्रभु श्री राम की सेवा की। वीर बजरंगी अपार शक्तिशाली होने के बावजूद वे सदैव विनम्र रहे। बुद्धिमतां वरिष्ठम् कहे जाने वाले हनुमान जी ने अपनी बुद्धि से बड़े-बड़े राक्षसों को परास्त किया। वे हमें सिखाते हैं कि बल के साथ बुद्धि का होना कितना आवश्यक है। आज के इस भागदौड़ भरे जीवन में यदि हम हनुमान जी के साहस और संयम का थोड़ा सा अंश भी अपने अंतर्मन में उतार लें, तो हम हर कठिनाई को पार कर सकते हैं। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ पार्षद व अखंड ब्राह्मण समाज अध्यक्ष रवि शर्मा, हिउस अध्यक्ष नारायण भूरू मुकाती, पूर्व हिउस अध्यक्ष कालू भट्ट, कृष्णा शर्मा, वैभव मेवाड़ा, मनीष किल्लौदिया आदि मौजूद थे।



### खेड़ापति मंदिर पर की विशेष साज सज्जा

**जावर**। नगर सहित आसपास क्षेत्रो मे हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दिनभर भक्तों की भीड़ मंदिरों में लगी रही। वही भंडारे का भी आयोजन किया गया। जावर नगर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में श्रीराम मन्दिर प्रागंण से पूजा अर्चना कर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष कृष्णपाल ठाकुर के नेतृव में नगर के प्रमुख मार्ग से खेड़ापति हनुमान मंदिर तक हनुमान जी बाबा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का धार्मिक एवं सामाजिक समिति द्वारा पूजा अर्चना कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। हनुमान मंदिर पहुँचने पर खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति अध्यक्ष तेजसिंह ठाकुर के नेतृव में सभी पद अधिकारी और सदस्यों द्वारा सभी भक्तों का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजित विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमे नगर सहित आसपास भक्तों ने पहुंच कर भोजन प्रसादी गृहण कर धर्म लाभ लिया। इस दौरान जावर थाना प्रभारी हेमन्त पांडे और सब इंस्पेक्टर संतोष विश्वकर्मा सहित पुलिस जवान मौजूद रहे।

### बमुलिया रायमल में निकला चल समारोह



जावर। बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम बमुलिया रायमल में 2 अप्रैल दिन गुरुवार को हुनमान जयंती पर पुराने खेड़े पर हवन पूजन व भंडारा रखा गया एवं बड़े ही धूमधाम से ढ़ोल नगाड़े के साथ पुरे गांव में जूलुस निकाला गया साथ ही पुरे क्षेत्र में मंदिर में सुबह से ही भीड़ इकट्ठी होने लगी और श्री हनुमान जन्म उत्सव लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ मनाया कही भंडारे का आयोजन तो कहीं कन्या भोजन एवं प्रसादी बांटी गई मंदिरों को फुलों से सजाया गया पुजा अर्चना कर हवन भी हुए मंदिरों में पुरे क्षेत्र में आस पास लोगों ने मंदिरों में जाकर हनुमान जन्म उत्सव मनाया।

### फूलों से सजाया दरबार



**खाचरोद**। गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। खाचरोद सहित आसपास पूरे ग्रामीण क्षेत्र रोलागांव, छापर, बड़कोला, किलोद, कन्नौज, शिवजी, देवन खेड़ी, खामखेड़ा, बरघाटी, रामपुरा, भील खेड़ी, अवली खेड़ा, नौगांव, बापचा बरामद आदि गांव में हनुमान मंदिर व राम मंदिर सजाए गए। जहां हवन पूजन आरती का आयोजन किया गया वहीं ग्राम खाचरोद में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे गांव में बैंड बाजो के साथ प्रभात फेरी निकली गई। जिसमें ग्राम वासियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। हनुमान मंदिर पर पूरे विधि विधान से हवन पूजन सुंदरकांड व कन्या भोज के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त ग्राम वासियों ने उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण की। वही पूरे ग्रामीण क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया।





### पशु पंजीयन व उतार-चढ़ाव ठेके की नीलामी

**आष्टा**। नगरपालिका परिषद द्वारा नवीन वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में पशु पंजीयन व उतार-चढ़ाव ठेके की नीलामी प्रक्रिया नपा के सभाकक्ष में बोलीकर्ताओं की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। जिसमें पशु पंजीयन ठेका नीलामी में 5 बोलीकर्ताओं ने भाग लिया वहीं पशु उतार-चढ़ाव में 3 बोलीकर्ताओं ने भाग लेकर बोली लगाई। सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने बताया कि शासकीय प्रक्रिया अनुसार वित्तीय वर्ष के प्रारंभ होने पर पुराने अनुबंधकर्ताओं का अनुबंध स्वतः ही निरस्त हो जाता है, तदुपरांत नए वर्ष के प्रारंभ में पुनः नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है। पशु उतार-चढ़ाव ठेका नीलामी में दीपक सोलंकी 3 लाख 20 हजार, कालू तंवर 4 लाख 13 हजार व निहार शर्मा द्वारा 3 लाख 30 हजार रूपये की बोली लगाई गई, जिसमें सबसे अधिक कालू तंवर की 4 लाख 13 हजार रूपये की बोली अत्याधिक होने के कारण स्वीकृत की गई। इसी प्रकार पशु पंजीयन नीलामी ठेके में दीपक सोलंकी ने 31 लाख, कालू तंवर ने 35 लाख 3 हजार, सचिन बोनी ने 27 लाख 3 हजार, निहार शर्मा ने 16 लाख 50 हजार व हन्नान खां ने 34 लाख रूपये की बोली लगाई गई, जिसमें कालू तंवर सबसे अधिक बोली लगाई जो नियमानुसार स्वीकृत की गई। सीएमओ श्री प्रजापति ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पशु उतार-चढ़ाव ठेका 3 लाख में नीलाम किया गया था। इस प्रकार इस वर्ष लगभग डेढ़ गुना अधिक राशि में नीलाम हुआ है। वहीं पशु पंजीयन का ठेका वित्तीय वर्ष 2025-26 में 13 लाख में नीलाम हुआ था जो इस वर्ष लगभग तीन गुना अधिक राशि में नीलाम हुआ है।

## राजवर्धन हुए अखिल भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अखिल भारतीय सिविल सेवा की परीक्षा में मेरी सफलता का श्रेय परिवार, मेरे शिक्षक एवं नियमित अध्ययन को जाता है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर परिश्रम, धैर्य और सही दिशा की तैयारी ही लक्ष्य तक पहुंचा ती है। मैने प्रतिदिन समय देकर अध्ययन किया और आत्मविश्वास बनाए रखा। प्रतियोगी विद्यार्थियों को चाहिए कि वे निराश ना होकर निरंतर अध्ययन करें और एकाग्रचित होकर सभी विषयों का गहन अध्ययन करें। प्रत्येक विषय को अच्छे से समझे एवं जिस विषय में कठिनाई हो उस विषय पर ज्यादा ध्यान दें। उक्त आशय के उद्गार अखिल भारतीय सिविल सेवा परीक्षा 2025 में सफलता प्राप्त कर चयनित हुए राजवर्धन गजेंद्र सिंह सिसोदिया शुजालपुर ने आष्टा में उनके सम्मान के उपलक्ष में व्यक्त किये। उन्होंने ग्रामीण एवं छोटे शहर के विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि यदि लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन के साथ तैयारी करें तो राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। मैं स्वयं एक छोटे से कस्बे शुजालपुर से हूं परंतु मैंने यह संकल्प लिया था कि मैं अखिल भारतीय सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण करूंगा और मैने आत्मविश्वास एवं मेहनत के बल पर इस कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण किया। चयनित राजवर्धन सिंह सिसोदिया का सम्मान सुरेंद्र परमार एडवोकेट, रोहित परमार खेजड़िया, मनोज परमार, जितेंद्र परमार सक्षम, प्रकाश परमार,मनमोहन सिंह परमार, नरेंद्र सिंह ठाकुर खड़ी, राजेश मेवाड़ा, नरेंद्र सिंह ठाकुर बागैर, मंगल परमार आदि ने किया।

## नरवाई प्रबंधन अपनाने पर किसानों का तहसीलदार ने किया सम्मान

# खेतों की नरवाई में आग लगाने के बजाए बना रहे भूसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

फसल कटाई के बाद नरवाई जलाना प्रतिबंधित है। नरवाई जलाने की बजाय नरवाई प्रबंधन अपनाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा ने किसान सत्यनारायण पिता लक्ष्मीनारायण राठौर का उनके खेत पर पहुंचकर पुष्पहार से सम्मान किया। भ्रमण के दौरान तहसीलदार द्वारा जब यह देखा कि उक्त कृषक द्वारा स्ट्रा रीपर के माध्यम से फसल कटाई पश्चात फसल अवशेष से भूसा बनाया जा रहा था, तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर कृषक से चर्चा की और नरवाई प्रबंधन के प्रति उनकी सकारात्मक सोच से प्रभावित हो कर उनका मौके कर ही सम्मान किया।

कृषक सत्यनारायण राठौर द्वारा तहसीलदार को बताया कि वे हर वर्ष नरवाई नहीं जलाकर भूसा बनाकर नरवाई प्रबंधन करते है। भूसा गौशाला में दान भी करते है। यहां यह उल्लेखनीय है कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरक क्षमता नष्ट होती है और वायु प्रदूषण फैलता है। नरवाई जलाने से मनुष्य एवं पशुओं के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। निर्देशों के तहत, राज्य प्रशासन नरवाई जलाने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई और पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क (जुर्माना) वसूलने के लिए प्रतिबद्ध है।



इसलिये कलेक्टर जिला सीहोर द्वारा भारतीय नागरीक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नरवाई जलाने पर 2 एकड़ से कम भूमि पर रूपये 2,500 प्रति घटना, 2 से 5 एकड़ तक भूमि पर रूपये 5,000 प्रति घटना एवं 5 एकड़ से अधिक भूमि पर रूपये 15,000 प्रति घटना का जुर्माना लगाये जाने का प्रावधान है। मध्यप्रदेश सहित देश भर में रबी फसल की कटाई के बाद नरवाई (फसल अवशेष) जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सेटेलाइट के माध्यम से नरवाई जलाने की घटनाओं की निगरानी की जा रही है। सैटेलाइट से प्राप्त डेटा के अनुसार जिलावार, तहसीलवार एवं ग्रामवार प्रतिदिन नरवाई जलाने संबंधी आंकड़े रिकॉर्ड किए जा रहे हैं। सेटेलाईट से प्राप्त डेटा से आग की लोकेशन को रियल टाईम में ट्रेक करती है। ग्राम स्तर पर राजस्व विभाग, कृषि विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशु चिकित्सा विभाग आदि के कर्मचारियों को पाबंद किया गया है।

अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आग लगने की घटना के मोबाईल पर मैसेज प्राप्त होते है, जिससे आग की घटना की सटिक लोकेशन पता चल जाती है। इससे संबंधित किसानों के विरूद्ध कार्यवाही की जाना बहुत आसान हो गया है। अब नरवाई जलाने पर संबंधित किसान का कार्यवाही से बच पाना संभव नहीं है।

सरकार किसानों को पराली न जलाने और कृषि अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित कर रही है। किसानों को नरवाई जलाने के दुष्परिणाम (मिट्टी की उर्वरता में कमी, प्रदूषण, स्वास्थ्य पर असर) के बारे में जागरूक किया जा रहा है। ग्राम स्तर मुनादी, शिविर, रैली और प्रशिक्षण आयोजित कर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कृषि विभाग और वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत तकनीकों की जानकारी दी जाती है। हैप्पी सीडर, सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (SMS), रोटावेटर, मल्चर जैसी मशीनों पर सब्सिडी दी जा रही है। कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से छोटे किसानों को किराए पर मशीन उपलब्ध कराई जा रही है। नरवाई से जैविक खाद (कम्पोस्ट), बायोगैस, पैकेजिंग सामग्री, और पशु चारा बनाने को प्रोत्साहित किया जा रहा है।